कोटद्वार, बुधवार
26 नवम्बर 2025
वर्षः 48
अंकः 191 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### मैचोड़ गांव में दीवार का मलबा ढहने से मजदूर की मौत, दो घायल

अल्मोड़ा। हवालबाग विकासखंड के मैचोड़ गांव में मंगलवार को दीवार निर्माण के दौरान बड़ा हादसा हो गया। गांव में दीवार बनाने के कार्य में लगे मजदूर अचानक धंसे मलबे की चपेट में आ गए, जिसमें एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार घर के पीछे दीवार निर्माण का कार्य चल रहा था। इस दौरान पगडंडी के साथ पूरा मलबा अचानक धंस गया और वहां काम कर रहे तीन मजदूर इसके नीचे दब गए। जबकि कुछ दूरी पर मौजूद तीन अन्य मजदूर सुरक्षित रहे। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और पुलिस की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं। जिला प्रशासन से एसडीएम संजय कुमार और जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल भी मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों की निगरानी की। रेस्क्यू टीमों ने मलबा हटाकर दो मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया, जबकि मजदूर आनंद राम पूरी तरह मिट्टी में दब चुका था। उसे बाहर निकालने पर मृत घोषित किया गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए बेस अस्पताल अल्मोड़ा में भर्ती कराया गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि की है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जंगल किनारे आग जलाकर उत्पात मचा रहे अराजक तत्व

नैनीताल। नैनीताल जू क्षेत्र में इन दिनों अराजक तत्वों के जंगल किनारे आग जलाकर उत्पात मचाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस और वन विभाग से गश्त बढ़ाकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल जू क्षेत्र और रैमजे अस्पताल के आसपास कुछ युवक रात के समय पहाड़ी की टॉप पर जमा होकर आग जलाते हैं और देर रात तक शोर–शराबा करते रहते हैं। आरोप है कि ये युवक अस्पताल के पुराने भवनों की खिड़कियां और दरवाजे तोड़कर लकड़ियां निकालते हैं, जिन्हें वे आग जलाने में इस्तेमाल करते हैं। इससे जंगल में आग लगने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है। लोग जब उन्हें ऐसा करने से रोकते हैं तो वे अभद्रता पर उतर आते हैं। वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की और तल्लीताल एसओ मनोज नयाल ने बताया कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाएगी और अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी की घटनाओं से दहशत में लोग

उत्तरकाशी। चिन्यालीसौड़ ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा गमरी के हलगांव और डिब्बा में चोरी की घटनाओं से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने थाना धरासू में शिकायत देकर घटना की विस्तृत जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। ग्रामीण सुनील मिश्रा, दिनेश मिश्रा, गणपति मिश्रा आदि ने बताया कि गत 23 को जब वे अपने गांव लौटे तो पाया कि उनके घरों पर लगे ताले तोड़े गए थे। चोरों ने ताले तोड़ने के लिए घरों के स्टोर रूम से हथियार निकालकर उनका उपयोग किया और वही हथियार घरों में ही बिखरे मिले। कई घरों के टूटे ताले, बिखरे सामान तथा फेंके हुए चाबियों के छल्ले घटना की पुष्टि करते हैं। बताया कि चोर घरों से हल्का और मामूली सामान चोरी कर ले गए। इसके अलावा, एक घर में यह दूसरी बार चोरी हुई है। गत जुलाई माह में भी उसी कमरे का ताला तोड़कर नकद राशि और अन्य सामान चोरी कर लिया गया था।

### आकाशवाणी से सेवानिवृत्त कर्मचारी ने की आत्महत्या

ऋषिकेश। आकाशवाणी से सेवानिवृत्त कर्मचारी ने चाकू से हाथ और गला काटने के साथ ही जहरीले पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस को बुजुर्ग का शव उनके घर से करीब 400 मीटर दूर खेत में पड़ा मिला। मौके से पुलिस को सुसाइट नोट भी मिला हुआ जिसमें वृद्ध ने परिवार का ध्यान नहीं रख पाने का जिक्र करते हुए जीवनलीला समाप्त करने की बात कही। डोईवाला कोतवाली पुलिस के मुताबिक, 65 वर्षीय जगमोहन निवासी धर्मुचक, डोईवाल 23 नवंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। अगले दिन उनके बेटे सचिन ने पिता की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बुजुर्ग को पुलिस ढूंढ रही थी।

# अयोध्या वह भूमि है, जहां आदर्श आचरण में बदलते है: पीएम मोदी

–सदियों के घाव भर रहे, वेदना विराम पा रही और संकल्प आज सिद्धि को प्राप्त हो रहा
–सदियों और सहस्त्रशताब्दियों तक यह धर्म ध्वज प्रभु राम के आदर्शों व सिद्धातों का उद्घोष करेगा
–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को विवाह पंचमी पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में किया ध्वजारोहण



अयोध्या ,। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या धाम में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज के आरोहण समारोह में अपने विचार रखे। पीएम मोदी ने अपनी भावनाओं का आगाज 'सियावर रामचंद्र की जय, जय सियारामझ् से किया। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या भारत की सांस्कृतिक चेतना के एक और उत्कर्ष बिंदु की साक्षी बन रही है। आज संपूर्ण भारत व विश्व राममय है। हर रामभक्त के हृदय में अद्वितीय संतोष, असीम कृतज्ञता, अपार अलौकिक आनंद है। सदियों के घाव भर रहे हैं। सदियों की वेदना आज विराम पा रही है। सदियों का संकल्प आज सिद्धि को प्राप्त हो रहा है। आज उस यज्ञ की पूर्णाहूति है, जिसकी अग्नि 500 वर्ष तक प्रज्वलित रही। जो यज्ञ एक पल भी आस्था से डिगा नहीं, एक पल भी विश्वास से टूटा नहीं, आज भगवान श्रीराम मंदिर के गर्भगृह की अनंत ऊर्जा, श्रीराम का दिव्य प्रताप इस धर्मध्वजा के रूप में दिव्यतम, भव्यतम मंदिर में प्रतिष्ठापित हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह धर्मध्वज केवल ध्वज नहीं, यह भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज है। इसका भगवा रंग इस पर रचित सूर्यवंश की ख्याति, वर्णित ओम शब्द व अंकित कोविदार वृक्ष रामराज्य की कीर्ति को प्रतिरूपित करता है। यह ध्वज संकल्प, सफलता और संघर्ष से सृजन की गाथा है। यह ध्वज सदियों से चले आ रहे सपनों का साकार स्वरूप है। यह ध्वज संतों की साधना और समाज की सहभागिता की सार्थक परिणीति है। सदियों और सहस्त्रशताब्दियों तक यह धर्म ध्वज प्रभु राम के आदर्शों व सिद्धातों का उद्घोष करेगा। यह धर्मध्वज आह्वान करेगा कि जीत सत्य की ही होती है, असत्य की नहीं। धर्मध्वज उद्घोष करेगा कि सत्य ही ब्रह्म का स्वरूप है, सत्य में ही धर्म स्थापित है। यह धर्मध्वज प्रेरणा बनेगा 'प्राण जाय पर वचन न जाईझ् अर्थात जो कहा जाए, वही किया जाए। यह धर्मध्वज संदेश देगा कि 'कर्म प्रधान विश्व रचि राखाझ् अर्थात विश्व में कर्म व कर्तव्य की प्रधानता हो। धर्मध्वज कामना करेगा कि भेदभाव, पीड़ा–परेशानी से मुक्ति मिले और समाज में शांति व सुख हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि धर्मध्वज संकल्पित करेगा कि हम ऐसा समाज बनाएं, जहां गरीबी, दुख या लाचारी न हो। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि जो लोग किसी कारण मंदिर नहीं आ पाते और दूर से ध्वज को प्रणाम कर लेते हैं, उन्हें भी उतना ही पुण्य मिल जाता है। धर्म ध्वज भी मंदिर के ध्येय का प्रतीक है। यह ध्वज दूर से ही रामलला की जन्मभूमि के दर्शन कराएगा और युगों–युगों तक प्रभु श्रीराम के आदेशों व प्रेरणाओं को मानव तक पहुंचाएगा। पीएम मोदी ने करोड़ों रामभक्तों के साथ ही राम मंदिर निर्माण के लिए सहयोग देने वाले दानवीरों, श्रमवीरों, योजनाकारों, वास्तुकारों का आभार जताया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अयोध्या वह भूमि है, जहां आदर्श आचरण में बदलते हैं। यही वह नगरी है, जहां से श्रीराम ने जीवनपथ शुरू किया था। इसी अयोध्या ने संसार को बताया कि एक व्यक्ति कैसे समाज की शक्ति व संस्कारों से पुरुषोत्तम बनता है। जब श्रीराम अयोध्या से वनवास गए तो वे युवराज राम थे, लेकिन जब लौटे तो मर्यादा पुरुषोत्तम बनकर आए। उनके मर्यादा पुरुषोत्तम बनने में महर्षि वशिष्ठ का ज्ञान, महर्षि विश्वामित्र की दीक्षा, महर्षि अगस्त्य का मार्गदर्शन, निषादराज की मित्रता, मां शबरी की ममता, भक्त हनुमान के समर्पण के साथ ही अनगिनत लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए समाज की सामूहिक शक्ति की आवश्यकता है। राम मंदिर का दिव्य प्रांगण भारत के सामूहिक सामर्थ्य की चेतना स्थली बन रहा है। यहां सप्त मंदिर, मां शबरी, निषादराज गुह्य का भी मंदिर है। यहां एक ही स्थान पर मां अहिल्या, महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य और संत तुलसीदास हैं। रामलला के साथ–साथ इन ऋषियों के भी दर्शन यहीं होते हैं। जटायु व गिलहरी की मूर्ति भी बड़े संकल्पों की सिद्धि के लिए हर छोटे से छोटे प्रयास के महत्व को दिखाती है। पीएम मोदी ने कहा कि यह मंदिर आस्था के साथ मित्रता, कर्तव्य व सामाजिक सद्भाव के मूल्यों को शक्ति देते हैं। हमारे राम भेद से नहीं, भाव से जुड़ते हैं। उनके लिए व्यक्ति का कुल नहीं, भक्ति महत्वपूर्ण है। उन्हें मोक्ष नहीं, मूल्य प्रिय है। उन्हें शक्ति नहीं, सहयोग महान लगता है। आज हम भी इसी भावना से आगे बढ़ रहे हैं। 11 वर्षों में महिला, दलित, पिछड़े, अतिपिछड़े, आदिवासी, वंचित, किसान, श्रमिक, युवा हर वर्ग को विकास के केंद्र में रखा गया है। जब देश का हर व्यक्ति, वर्ग, क्षेत्र सशक्त होगा, तब संकल्प की सिद्धि में सबका प्रयास लगेगा। 2047 में जब देश आजादी के 100 साल मनाएगा, तब सबके प्रयास से ही हमें विकसित भारत का निर्माण करना होगा।पीएम मोदी ने कहा कि रामलला की प्राण–प्रतिष्ठा के अवसर पर राम से राष्ट्र के संकल्प की चर्चा करते हुए मैंने कहा था कि आने वाले एक हजार वर्षों के लिए भारत की नींव मजबूत करनी है। जो सिर्फ वर्तमान की सोचते हैं, वे आने वाली पीढ़ियों के साथ अन्याय करते हैं।

### हमें आजादी मिली, लेकिन हीन भावना से मुक्ति नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि 190 साल पहले 1835 में मैकाले नामक अंग्रेज ने भारत को अपनी जड़ों से उखाड़ने के बीज बोए थे। मैकाले ने भारत में मानसिक गुलामी की नीव रखी थी। 10 साल बाद 2035 में उस अपवित्र घटना को 200 वर्ष पूरे हो रहे हैं। कुछ दिन पहले मैंने आग्रह किया था कि आने वाले 10 वर्षों का लक्ष्य लेकर चलना है कि भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करके रहेंगे। सबसे बड़ा दुर्भाग्य यह है कि मैकाले ने जो सोचा था, उसका प्रभाव व्यापक हुआ। हमें आजादी तो मिली, लेकिन हीन भावना से मुक्ति नहीं मिली। हमारे यहां एक विकार आ गया कि विदेश की हर चीज–व्यवस्था अच्छी है। हमारी चीजों में खोट ही खोट है। गुलामी की मानसिकता ने स्थापित किया कि हमने विदेशों से लोकतंत्र लिया। कहा गया कि हमारा संविधान भी विदेश से प्रेरित है, जबकि सच यह है कि भारत लोकतंत्र की जननी है। लोकतंत्र हमारे डीएनए में है। पीएम मोदी ने कहा कि तमिलनाडु के उत्तरी हिस्से में उतीर मेरूर गांव है। वहां हजारों वर्ष पहले का शिलालेख है, जिसमें बताया गया कि उस कालखंड में भी कैसे लोकतांत्रिक तरीके से शासन व्यवस्था चलती थी और लोग कैसे सरकार चुनते थे।

# मनरेगा कर्मकारों को मिलेगा कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ : धामी

मुख्यमंत्री ने किया उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निकार कर्मकार कल्याण बोर्ड में मनरेगा कर्मकारों के पंजीकरण का शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निकार कर्मकार कल्याण बोर्ड में मनरेगा कर्मकारों के पंजीकरण का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास को केंद्र में रखते हुए कार्य कर रही है।



मंगलवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पंजीकरण से मनरेगा श्रमिकों को उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निकार कर्मकार कल्याण बोर्ड की समस्त सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से राज्य सरकार भी समाज के अंतिम व्यक्ति को स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हुए, उन्हें हर तरह से सक्षम बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मनरेगा के तहत 16.3 लाख श्रमिक पंजीकृत हैं, जिसमें से 9.5 लाख श्रमिक एक्टिव हैं, इसमें से वर्ष में न्यूनतम 90 दिन काम करने वाले श्रमिक अब उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निकार कर्मकार कल्याण बोर्ड की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों की संख्या 5.35 लाख है, मनरेगा श्रमिकों के योजना से जुड़ने पर बोर्ड की सेवाओं का लाभ लाखों अन्य श्रमिकों तक पहुंच सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में जहां श्रमिकों का कल्याण हो वहीं उद्योगों और निवेशकों को भी प्रोत्साहन दिया जाए।

उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में सकारात्मक वातावरण बनाया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अकेले खनन क्षेत्र लाखों लोगों को कई तरह से रोजगार देता है, पहले खनन को लेकर नकारात्मक धारणा रहती थी, लेकिन सरकार ने पारदर्शी नीतियों ने इस धारणा को तोड़ने का काम किया है, यही कारण है कि पहले खनन राजस्व सिर्फ 400 करोड़ रुपए का था जो अब बढ़कर 12 सौ करोड़ रुपए पहुंच गया है। खनन क्षेत्र में किए गए सुधारों को देखते हुए केंद्र सरकार भी राज्य को 200 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान कर चुकी है। सरकार का प्रयास है कि निवेशकों को अनावश्यक औपचारिकताओं में ना उलझाया जाए।


### उखलेत गांव में मिला महिला का क्षत–विक्षत शव

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : सतपुली क्षेत्र के उखलेत गांव में महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ है। ग्रामीणों ने गुलदार के हमले में महिला की मौत की आशंका जताई है। कहा कि क्षेत्र में कुछ समय से गुलदार की धमक बनी हुई है।मंगलवार को पुलिस व प्रशासन को सूचना मिली कि खेत में झाड़ियों के समीप महिला का धड़ पड़ा हुआ है। नायाब तहसीलदार महेंद्र सिंह बिष्ट अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। टीम ने धड़ व अन्य टुकड़ों को एकत्रित किया। महिला की पहचान तहसलील लैंसडौन, पट्टी कौड़िया, ग्राम बैंठा निवासी सतेश्वरी देवी 71 वर्ष पत्नी स्व. सुरेंद्र प्रसाद बैंठियाल के रूप में हुई है। नायब तहसीलदार ने बताया कि महिला के शरीर के अन्य अंगों की खोज की जा रही है। जांच के बाद ही घटना की सच्चाई सामने आएगी। बताया कि महिला मानसिक रूप से बीमार थी। जानकारी के अनुसार, वह पिछले कुछ सप्ताह से क्षेत्र में ही घूम रही थी। वहीं, ग्रामीणों ने गुलदार के हमले में महिला की मौत की आशंका जताई है। कहा कि क्षेत्र में पिछले कई माह से गुलदार की धमक बनी हुई है। घटना की जानकारी वन विभाग को भी दी गई। लेकिन, इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने गुलदार को कैद करने के लिए क्षेत्र में पिंजरा लगवाने की मांग की है। कहा कि शाम ढलते ही ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है।

# वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी और पूर्व कैबिनेट मंत्री दिवाकर भट्ट का निधन

### सीएम धामी ने जताया शोक

**जयन्त प्रतिनिधि।**



देहरादून : उत्तराखंड क्रांति दल के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री दिवाकर भट्ट का आज निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। आज शाम को उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली।

बता दें कि दिवाकर भट्ट उत्तराखंड राज्य आंदोलन के अग्रणी कार्यकर्ताओं में रहे हैं। उत्तराखंड क्रांति दल (यकूेडी) के संस्थापकों में से एक थे। उन्होंने लंबे समय तक इसी दल के सदस्य रहकर राज्य स्थापना आंदोलन का नेतृत्व किया। बाद में वह भाजपा में शामिल हुए थे। वे विधायक भी रहे हैं। इसके बाद वह वापस यूकेडी में लौटे थे।


सीएम धामी ने जताया शोक

भट्ट के निधन पर सीएम धामी भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट लिखते हुए कहा– उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ आंदोलनकारी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री दिवाकर भट्ट जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। राज्य निर्माण आंदोलन से लेकर जनसेवा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव अविस्मरणीय हैं।

# गुरुद्वारा जाने से इन्कार करने पर क्रिश्चियन आर्मी अफसर बर्खास्त

### सुप्रीम कोर्ट बोला– ऐसा व्यक्ति फोर्स में रहने लायक नहीं

नई दिल्ली , देश की सवोच्च अदालत ने मंगलवार को भारतीय सेना के पूर्व लेफ्टिनेंट सैमुअल कमलेसन की बर्खास्तगी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। कमलेसन को अपने यूनिट गुरुद्वारे में सेवा (सेवा/परेड–ड्यूटी का हिस्सा) करने से इनकार करने पर नौकरी से निकाला गया था। याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह मिलिट्री में रहने के लायक नहीं है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि सैन्य बलों में अनुशासन और आदेश पालन सवोच्च होते हैं, और कोई भी



अधिकारी व्यक्तिगत विश्वास का हवाला देकर आदेश की अवहेलना नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, 'वह कैसा मैसेज दे रहा है? एक आर्मी ऑफिसर की बड़ी अनुशासनहीनता। उसे नौकरी से निकाल देना चाहिए था। इस तरह के झगड़ालू लोग मिलिट्री में रहने के लायक हैं ?झ

बता दें कि सैमुअल कमलेसन तीसरी कैवलरी रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट थे। लेकिन उन्होंने गुरुद्वारे में सेवा करने के लिए जाने से अपने सीनियर के आदेश को मना कर दिया था। उसने कहा था कि उसका एकेश्वरवादी ईसाई धर्म इसकी इजाजत नहीं देता। इसके बाद उसे मिलिट्री डिसिप्लिन तोड़ने के लिए निकाल दिया गया था। जिसके बाद मई में उसने दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया, लेकिन अदालत ने आर्मी के फैसले को सही ठहराया था। अब मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'वह एक शानदार ऑफिसर हो सकता है लेकिन वह इंडियन आर्मी के लिए मिसफिट है। इस समय हमारी फोर्सेज़ पर जितनी ज़िम्मेदारियाँ हैं हम यह नहीं देखना चाहते।

### मां के पास सो रहे डेढ़ साल के बेटे को खींच ले गया कुत्तों का झुंड

मेरठ , बेगमपुल चौकी के सामने रात कुत्तों ने खानाबदोश परिवार के डेढ़ वर्षीय मासूम को नोचकर मार डाला। घटना तब हुई जब परिवार के सदस्य बच्चे के साथ डिवाइडर पर गहरी नींद सो रहे थे। उसी दौरान मां के पास सो रहे बच्चे को कुत्ते खींच ले गए। बच्चे का शव घटना से 100 मीटर दूर सड़क पर पड़ा मिला। मासूम की मौत से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया है। सदर थाना क्षेत्र में बेगमपुल चौकी के सामने डिवाइडर पर रहने वाले खानाबदोश परिवार के लोग शहर की गलियों में कूड़ा बीनकर जिंदगी बसर करते हैं। डिवाइडर पर रहने वाली महिला गंगा ने बताया कि उसकी पुत्री गंगोत्री की शादी तीन वर्ष पूर्व पंजाब के रमेश से हुई थी। गंगोत्री का डेढ़ वर्ष का इकलौता पुत्र सीते था। सुबह वह पंजाब से अपने माता–पिता से मिलने के लिए मेरठ आई थी।

मैं पूरे भारत में बीजेपी की नींव हिला दूंगी...

# बंगाल में एसआईआर न टालने पर ममता की खुली ललकार

कोलकाता , पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बोनगांव में आयोजित एक बड़ी जनसभा में चुनाव आयोग और बीजेपी दोनों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग अब तटस्थ संस्था नहीं रहा, बल्कि बीजेपी कमीशन बन गया है। ममता ने हाल ही में लागू की जा रही स्ढ्ढक्र प्रक्रिया पर नाराजगी जताते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया और कहा कि यह कदम भविष्य में मतदाताओं के लिए एक आपदा साबित होगा। साथ ही स्ढ्ढक्र प्रक्रिया से नाखुश ममता ने बीजेपी को खुली चेतावनी देकर उसकी पूरे भारत में नींव हिलाने सीधी धमकी दे डाली। दीदी ने



मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर हाल ही के दो चुनाव संबंधी निर्देशों पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। ममता बनर्जी ने स्ढ्ढक्र प्रक्रिया और बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि एसआईआर के बाद जब मतदाता सूची का मसौदा जारी होगा, तब लोगों को चुनाव आयोग और भाजपा द्वारा पैदा की गई आपदा का एहसास होगा। ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा राजनीतिक रूप से उनका मुकाबला नहीं कर सकती और न ही उन्हें हरा सकती है, उन्होंने कहा, अगर भाजपा बंगाल में मुझे चोट पहुंचाने की कोशिश करेगी तो मैं पूरे भारत में उसकी नींव हिला दूंगी। सीएम ममता बनर्जी ने यह दावा भी किया कि बिहार चुनाव का नतीजा एसआईआर का परिणाम है, और विपक्ष वहां बीजेपी की चाल को भांप नहीं सका। उन्होंने यह भी दोहराया कि यदि एसआईआर दो–तीन सालों में किया जाए, तो उनकी सरकार इस प्रक्रिया को हरसंभव संसाधन के साथ समर्थन देगी।

# पहली कैबिनेट में रोजगार पर फोकस, 25 चीनी मिलें होंगी स्थापित

### आगामी 5 वर्ष में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य किया गया निर्धारित

पटना, बिहार में एनडीए की नई सरकार गठित होने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कैबिनेट की पहली बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिवालय में मंगलवार को आयोजित इस बैठक में 10 एजेंडों पर मुहर लगी। सरकार ने विधानसभा चुनाव के दौरान जारी किए गए अपने घोषणा–पत्र के मुद्दों को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। इसके अंतर्गत आगामी 5 वर्ष के दौरान 1 करोड़ युवाओं को रोजगार और सरकारी नौकरी देने की कार्ययोजना को अमलीजामा पहनाया गया है। कैबिनेट में लिए तमाम निर्णयों की जानकारी मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सूचना भवन के



सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। मुख्य सचिव ने बताया कि सरकार ने राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने और उद्योगों के विस्तार को नई दिशा देने के लिए तेजी से पहल शुरू कर दी है। सात निश्चय–2 के तहत वर्ष 2020 से 2025 के बीच 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। आगामी पांच वर्षों (2025–30) में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बिहार की बड़ी युवा आबादी को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है।बिहार को पूर्वी भारत का नया टेक हब विकसित किया जाएगा। इसका उद्देश्य डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर निर्माण पार्क, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, मेगा टेक सिटी एवं फिनटेक सिटी की स्थापना करना है। टेक हब की कार्य योजना तैयार करने और इनका सतत अनुश्रवण करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक शीर्ष समिति का गठन किया गया है। आगामी छह महीने में यह कमेटी सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। ताकि इसे जमीन पर उतारा जा सके।

बदलते बिहार की विकास गति को बल देने के लिए राज्य में प्रौद्योगिकी एवं सेवा आधारित नवाचारों पर आधारित न्यू ऐज इकोनॉमी के निर्माण का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता जो समिति बनेगी उसमें बिहार से संबंध रखने वाले विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी उद्यमियों, विशेषज्ञों और परामर्शी से सुझाव प्राप्त कर नीतियां और योजनाएं बनाई जाएंगी।

### अवैध संबंधों के शक में मर्डर

बांदा ,उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। पैलानी थाना क्षेत्र के धरिखेड़ा गांव में अवैध संबंधों के शक ने एक परिवार को उजाड़ कर रख दिया। यहां एक व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर अपने ही चचेरे भाई की नृशंस हत्या कर दी। 11 नवंबर को हुई इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पत्नी की पिटाई के बाद भाई पर किया हमला ग्रामीणों और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, मृतक का अपने चचेरे भाई शिवनारायण उर्फ कलुवा के घर अक्सर आना–जाना था। वह अपनी भाभी (आरोपी की पत्नी) से बातचीत करता था, जो शिवनारायण को नागवार गुजरता था।

# देहरादून में दो बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार

देहरादून। ऑपरेशन कालनेमि के तहत देहरादून पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। कोतवाली पटेलनगर पुलिस ने अवैध रूप से रह रही दो बांग्लादेशी महिलाओं को पकड़ा है। इनमें से एक महिला ने फर्जी भारतीय दस्तावेज बनवाकर भूमि शर्मा से देहरादून में एक युवक से विवाह तक कर लिया था। पुलिस ने देहराखास पटेलनगर क्षेत्र से बबली खातून उर्फ भूमि शर्मा (28 वर्ष) मूल निवासी बांग्लादेश को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि कोविड काल में वह अवैध रूप से भारत–बांग्लादेश सीमा पार करके भारत आई थी। वर्ष 2021 में देहरादून पहुंचने के बाद उसने 2022 में एक स्थानीय हिन्दू युवक से विवाह कर



लिया और परिचितों की मदद से भूमि शर्मा के नाम से आधार कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसे फर्जी दस्तावेज बनवा लिए। महिला के पास से पुलिस को फर्जी भारतीय दस्तावेजों के साथ–साथ उसका मूल बांग्लादेशी पहचान पत्र (नाम बबली बेगम) भी बरामद हुआ है।

## सम्पादकीय

# पुलिस छवि पर सवाल

"मित्र" पुलिस को "मूत्र" पुलिस से संबोधित करने पर सवाल उठ रहे हैं। एक व्यक्ति की आपबीती संभवतः उसे ऐसा करने को विवश कर रही है लेकिन यही वह पुलिस है जो किसी भी आपदा या आपात स्थिति में सबसे पहले हमारे आपके निकट नजर आती है। कोई बस अंधेरे में खाई में समा जाए, कोई पुल टूटकर वाहनों को गटक जाए, कहीं पहाड़ घरों को बर्बाद कर दे, लोग डर से भागते हैं और उम्मीद छोड़ देते हैं, लेकिन यही खाकी जान हथेली पर रखकर मदद के लिए दौड़ती है। लावारिस लाश, बर्फ़बारी, बंद रास्ते, हर उस जगह जहां मदद की आखिरी उम्मीद होती है, वहां पहुंचने वाली आस पुलिस से ही रहती है। मां सकते है कि किसी खास प्रकरण में पुलिस से ज्यादती हुई हो, लेकिन उसके लिए पूरे महकमे के लिए गलत शब्द प्रयोग करना गलत है। आपदा हो या कोई दुर्घटना, पुलिस की एसडीआरएफ टीम मलबे को हटाने के लिए मशीनें नहीं ढूंढती, पहले अपने हाथ चलाती है, फावड़ा चलाती है, हथेलियों को जला देती है, उंगलियों से खून निकाल देती है लेकिन किसी घायल को छोड़ती नहीं। नदी के तेज बहाव में रस्सी बांधकर कूद जाती है, खाई में झूलकर उतरती है, पहाड़ टूट रहा हो तब भी पीछे नहीं हटती। यहां तक कि इंसान ही नहीं, बाढ़ में फंसी भैंस हो, चट्टान में लटका घोड़ा हो, या खाई में गिरी गाय, जान हमेशा जान होती है, और वो जान किसकी है ये पूछने का समय उनके पास कभी नहीं होता। पुलिस की कर्तव्यनिष्ठा की अनदेखी नहीं की जा सकती। सड़क पर खून से लथपथ, सांसों के टूटने के अंदेशे में पड़े लोगों को गोद में उठाकर अस्पताल ले जाने वाला पुलिसवाला होता है, वो भी तब जब भीड़ तमाशा देख रही होती है। किसी का परिवार तक उसे हाथ लगाने को तैयार नहीं होता, लाश सड़ जाती है, बदबू फैल जाती है, पर पहचान दिलाने वाला, कपड़े बदलवाने वाला, शव को सम्मान देने वाला, चिता तक कंधा देने वाला भी पुलिस ही होता है क्योंकि उनके लिए इंसानियत सिर्फ किताबों की लाइन नहीं, ज़मीन की सच्चाई है।भूलना नहीं चाहिए कि कई मौकों पर मदद करने वाले पुलिस वाले ही होते है, याद रखना चाहिए कि उस चमत्कार के पीछे वर्दी वाले इंसान थे, संयोग नहीं। विडंबना ही है कि चंद गिनती के प्रकरणों के लिए आज सोशल मीडिया पर इन्हीं पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। कुछ दलों के पीछे भागते लोग "मूत्र पुलिस" जैसा अपमानजनक शब्द इस्तेमाल कर रहे हैं, और भीड़ तालियां बजा रही है, जोकरों की तरह हंसी उड़ा रही है, उनके त्याग और परिश्रम को धूल में मिला रही है। यह शब्द ठीक नहीं है, गलत हुआ है तो कानूनी तौर पर लड़ाइयां लड़ो। ऐसे ज़हर भरे अपमान से पूरे बल का मनोबल टूटता है। कल क्यों कोई किसी मदद को आगे आएगा? हर मुसीबत में साथ देने वाली पुलिस के लिए निरंतर गलत शब्दों का प्रयोग ठीक नहीं है। निर्णय भी जनता को ही लेना है कि पुलिस रक्षक है या भक्षक? वो मसीहा हैं या गालियों के भागी। उनके त्याग की कीमत सम्मान है या मज़ाक? यह सुनिश्चित करना जरूरी है।

# बिहार में सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा

**अजीत द्विवेदी**

बिहार में पहली बार विधायकों की संख्या के लिहाज से भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनी है। यह लंबे प्रयासों और दीर्घकालिक राजनीति का परिणाम है। जिस समय भाजपा बिहार विधानसभा में अच्छे खासे अंतर से दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनती थी तब भी वह तीसरे नंबर की पार्टी के नेता नीतीश कुमार का चेहरा आगे करके राजनीति करती थी। भाजपा के उस समय के प्रदेश और देश के नेताओं को अंदाजा था कि मंडल की राजनीति साधने के लिए उनको एक ऐसे चेहरे की जरुरत है। अब वह जरुरत क्रमशः कम होती जा रही है। इसके कई कारण हैं, जिनमें से एक कारण यह है कि भाजपा का भी लगभग पूरी तरह से मंडलाइजेशन हो गया है।

बिहार में भाजपा का समूचा नेतृत्व पिछड़ी जाति का है और लंबे समय तक रहने वाला है। राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पिछड़ी जाति का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अति पिछड़ी जाति से होने का प्रचार खुद भाजपा ने समूचे उत्तर भारत में किया है। मंडल या पिछड़ी जाति की राजनीति साधने के लिए किसी तीसरी शक्ति की जरुरत भाजपा को इस वजह से भी नहीं है कि क्योंकि नरेंद्र मोदी और अमित शाह की भाजपा ने मंडल और कमंडल को एकाकार कर दिया है। अब राजनीतिक, वैचारिक और सामाजिक दृष्टि से ये दोनों अलग अलग नहीं हैं।

बिहार विधानसभा का इस बार का चुनाव नतीजा बिहार में भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के तौर पर स्थापित करने वाला है। भाजपा को निश्चित रूप से नीतीश कुमार के बनाए वोट आधार का लाभ मिला है और साथ ही नीतीश के सुशासन और व्यक्तिगत रूप से उनकी छवि के कारण भी भाजपा और पूरे एनडीए को फायदा हुआ है। लेकिन इस बात को ध्यान में रखने की जरुरत है कि भाजपा का अपना एक बड़ा मजबूत राजनीतिक आधार बिहार में है। उस वोट आधार के दम पर भले वह अकेले चुनाव जीत कर सरकार बना पाने में सक्षम नहीं हो लेकिन यह हकीकत तो दोनों प्रादेशिक पार्टियों यानी राजद और जदयू के बारे में भी है।

वे दोनों भी अकेले अपने वोट आधार पर के दम पर बिहार में सरकार नहीं बना सकते हैं। अगर अलग अलग तीनों पार्टियों के वोट आधार की बात करें तो 2014 के लोकसभा चुनाव को या 2015 के विधानसभा चुनाव को आधार माना जाएगा। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा, राजद और जदयू तीनों अलग गठबंधन बना कर लड़े थे। उस समय भाजपा को 29.86 फीसदी वोट मिला था। राजद को 20.46 और जनता दल यू को 16 फीसदी वोट मिले थे। 2015 के विधानसभा चुनाव में जब भाजपा अकेले छोटी पार्टियों से गठबंधन बना कर लड़ी तब भी उसे 24.40 फीसदी वोट मिले। उससे पहले 2010 में जब लोजपा से तालमेल करके राजद ने चुनाव लड़ा तो उसे 18.84 फीसदी वोट मिले। पिछले लोकसभा चुनाव में राजद को 22 फीसदी से कुछ ज्यादा वोट मिले थे।

इन पार्टियों के मत प्रतिशत में थोड़ा बहुत ऊपर नीचे का अंतर लड़ी गई सीटों की संख्या के कारण आता है। मोटे तौर पर राजद का अपना वोट आधार 18 से 22 या 23 फीसदी है तो जदयू का आधार 16 से 18 फीसदी का और भाजपा का 20 से 30 फीसदी का है। इस लिहाज से अकेले किसी पार्टी के कोर वोट आधार की बात करें तो वह सबसे बड़ा आधार भाजपा के पास है। उसके पास मोटे तौर पर 24 से 25 फीसदी वोट का आधार है, जो लगातार उसके साथ बना हुआ है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा अत्यंत पिछड़ी जातियों का है और उसके बाद सवर्ण हैं। 2015 के विधानसभा चुनाव में जब भाजपा अकेले लड़ी थी और नीतीश कुमार व लालू प्रसाद साथ मिल कर लड़े थे तब भी चुनाव बाद हुए सर्वेक्षणों से पता चला था कि 52 फीसदी अत्यंत पिछड़ी जातियों का वोट भाजपा को मिला था, जबकि राजद और जदयू को महज 35 फीसदी के करीब ईबीसी



वोट मिला था। ईबीसी और सवर्ण के अलावा अब भाजपा ने गैर यादव पिछड़ी जातियों में से सबसे बड़ी सवा चार फीसदी आबादी वाली कोईरी जाति को अपने साथ जोड़ा है। उत्तर प्रदेश में केश-व प्रसाद मौर्य और हरियाणा में नायब सिंह सैनी के साथ बिहार में सम्राट चौधरी का नेतृत्व इस मामले में भाजपा को मजबूती दे रहा है। जातीय समूहों से इतर हिंदुत्व का एक मजबूत वोट आधार भाजपा के पास है, जिसमें सभी जातियों के मतदाता शामिल हैं।

इस बार का चुनाव बिहार में भाजपा की राजनीति के लिहाज से वाटरशेड मोमेंट है। नतीजों के बाद भाजपा का मुख्यमंत्री बनना महज वक्त की बात है। इस विधानसभा में किसी समय भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा, जो गैर यादव पिछड़ा चेहरा होगा। सम्राट चौधरी के होने की ज्यादा संभावना इस वजह से है क्योंकि उनके चेहरे से कोईरी, कुर्मी और धानुक का एक करीब 10 फीसदी का मजबूत वोट आधार बनता है, जिस पर नीतीश कुमार ने इतने लंबे समय तक राजनीति की है। एक बार नीतीश कुमार बिहार के राजनीतिक परिदृश्य से हट जाएं तो भाजपा उनके सामाजिक समीकरण को अपने हिंदुत्व व राष्ट्रवाद के साथ मिल कर बिहार की स्थायी रूप से सबसे बड़ी पार्टी बन सकती है, जैसे वह उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश या गुजरात में है। बिहार इसके लिए आदर्श जगह बनती दिख रही है। ध्यान रहे बिहार में लगातार मुस्लिम विधायकों की संख्या घट रही है। लेकिन उसी अनुपात में मुस्लिम वोट का पोलराइजेशन और उसका काउंटर पोलराइजेशन हो रहा है। नीतीश कुमार इसमें बफर का काम करते रहे हैं। उनके रहने से भाजपा का स्पेस कम होता है। मुस्लिम आबादी का भी एक बड़ा हिस्सा इसलिए नीतीश कुमार को वोट करता है क्योंकि उनके रहने से भाजपा को बिहार में उत्तर प्रदेश जैसा खुला मैदान नहीं मिल पाता है।

आने वाले दिनों में यह स्थिति बदलेगी। बिहार में 18 फीसदी मुस्लिम आबादी है और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के लिए जिस तरह से स्पेस बन रहा है वह भी भाजपा के फलने फूलने का आधार बनेगा।

भाजपा ने उत्तर प्रदेश में हार्डकोर हिंदुत्व की राजनीति करके एक सवर्ण चेहरे पर सामाजिक समीकरण को साधा है क्योंकि वहां सवर्ण आबादी एक चौथाई के करीब है। लेकिन बिहार का मामला अलग है। बिहार में उसे पिछड़े चेहरों से सामाजिक समीकरण साधना है और साथ ही योगी आदित्यनाथ मॉडल की हिंदुत्व की राजनीति भी करनी है। यह काम भी नीतीश कुमार के रहते नहीं हो पाता था। लेकिन अब नीतीश की गौरवशाली राजनीतिक पारी के अंत के शुरुआत हो गई है। उम्र और सेहत के कारण नीतीश धीरे धीरे हाशिए में जाएंगे और चूंकि उनकी पार्टी में न तो उनका कोई स्वाभाविक उत्तराधिकारी सामने आया है और न उनके परिवार से कोई व्यक्ति उनकी विरासत संभालने वाला दिख रहा है। इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी ले सकती है।००

**बिहार में भाजपा का समूचा नेतृत्व पिछड़ी जाति का है और लंबे समय तक रहने वाला है। राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पिछड़ी जाति का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अति पिछड़ी जाति से होने का प्रचार खुद भाजपा ने समूचे उत्तर भारत में किया है। मंडल या पिछड़ी जाति की राजनीति साधने के लिए किसी तीसरी शक्ति की जरुरत भाजपा को इस वजह से भी नहीं है कि क्योंकि नरेंद्र मोदी और अमित शाह की भाजपा ने मंडल और कमंडल को एकाकार कर दिया है। अब राजनीतिक, वैचारिक और सामाजिक दृष्टि से ये दोनों अलग अलग नहीं हैं। बिहार विधानसभा का इस बार का चुनाव नतीजा बिहार में भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के तौर पर स्थापित करने वाला है। भाजपा को निश्चित रूप से नीतीश कुमार के बनाए वोट आधार का लाभ मिला है और साथ ही नीतीश के सुशासन और व्यक्तिगत रूप से उनकी छवि के कारण भी भाजपा और पूरे एनडीए को फायदा हुआ है।**

# महागठबंधन का क्या भविष्य होगा?

**हरिशंकर व्यास**

यह लाख टके का सवाल है कि कांग्रेस पार्टी अब क्या करेगी? कांग्रेस को सिर्फ चार सीटें मिली हैं। हालांकि उसे साढ़े आठ फीसदी के करीब वोट मिले हैं लेकिन क्या इतना वोट और इतनी कम सीटें बिहार में उसके स्वतंत्र रूप से राजनीति करने के लिए पर्याप्त है? यह सवाल इसलिए है क्योंकि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी लगातार बिहार में अकेले और स्वतंत्र राजनीति करने की तैयारी में दिख रहे थे। यही कारण है कि गठबंधन में बहुत खटपट हुई। इस साल के शुरू से जितने बार राहुल गांधी बिहार गए हर बार उन्होंने राजद से दूरी रखी। तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित करने का फैसला कांग्रेस ने आखिरी समय तक लंबित रखा। इससे जो अविश्वास बना उसका नतीजा यह हुआ कि महागठबंधन की पार्टियां एक दर्जन से सीटों पर एक दूसरे के खिलाफ लड़ीं।

बिहार में इस साजिश थ्योरी की बहुत चर्चा पूरे चुनाव में होती रही कि राहुल गांधी क्षेत्रीय पार्टियों से मुक्ति चाहते हैं और इसलिए उन्होंने बिहार में राजद को नुकसान पहुंचाने की राजनीति की है। इस साजिश थ्योरी की भी चर्चा रही कि कांग्रेस ने जान बूझकर लेफ्ट को खत्म करने वाली राजनीति की। इस राजनीति के तहत ही कांग्रेस ने बिहार का लेनिनग्राद कहे जाने वाले बेगूसराय में बछवाड़ा की सीट पर सीपीआई के सामने अपना उम्मीदवार उतारा। वहां सीपीआई के अवधेश राय पिछली बार सिर्फ तीन सौ वोट से हारे थे। इस बार वहां कांग्रेस ने अपने पुराने नेता रामदेव राय के बेटे शिव प्रकाश गरीबदास को उतार दिया और प्रियंका गांधी वाड्रा उनके प्रचार में गईं। कांग्रेस की इस राजनीति के जवाब में सीपीआई ने कांग्रेस की तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार दिए।

उधर राजद के नेता भी कांग्रेस की राजनीति को भांप रहे थे। इसलिए तेजस्वी यादव ने भी दूरी बनाई। राहुल और प्रियंका की रैलियां अलग हुईं और तेजस्वी ने अपनी रैलियां अलग कीं। दोनों का प्रचार भी अलग अलग चला। कांग्रेस पिछली बार की 70 सीट के मुकाबले सिर्फ 61 सीटों पर लड़ी और उसमें भी 10 सीटों पर फ्रेंडली फाइट हुई। कांग्रेस को पिछली बार की तरह इस बार भी 30 के करीब ऐसी सीटें मिलीं, जो पारंपरिक रूप से महागठबंधन के लिए कमजोर मानी जाती हैं। सो, गठबंधन के कंफ्यूजन, सीट बंटवारे में राजद और लेफ्ट से टकराव, एक दर्जन सीटों पर दोस्ताना मुकाबले और अलग अलग प्रचार के कारण कांग्रेस तो डूबी ही उसके साथ साथ राजद, लेफ्ट और वीआईपी भी डूब गए। तभी यह सवाल है कि अब कांग्रेस क्या करेगी और महागठबंधन का क्या भविष्य होगा? तेजस्वी यादव के नेतृत्व को लेकर भी सवाल है।

**सीपीआई के अवधेश राय पिछली बार सिर्फ तीन सौ वोट से हारे थे। इस बार वहां कांग्रेस ने अपने पुराने नेता रामदेव राय के बेटे शिव प्रकाश गरीबदास को उतार दिया और प्रियंका गांधी वाड्रा उनके प्रचार में गईं। कांग्रेस की इस राजनीति के जवाब में सीपीआई ने कांग्रेस की तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार दिए। उधर राजद के नेता भी कांग्रेस की राजनीति को भांप रहे थे। इसलिए तेजस्वी यादव ने भी दूरी बनाई। राहुल और प्रियंका की रैलियां अलग हुईं और तेजस्वी ने अपनी रैलियां अलग कीं। दोनों का प्रचार भी अलग अलग चला। कांग्रेस पिछली बार की 70 सीट के मुकाबले सिर्फ 61 सीटों पर लड़ी और उसमें भी 10 सीटों पर फ्रेंडली फाइट हुई।**

# महेश बाबू ने किया एनसी24 का टाइटल रिवील



नागा चैतन्य के फैंस के लिए उनका जन्मदिन किसी उत्सव से कम नहीं रहा. मोस्टअवेटेड फिल्म एनसी 24 का टाइटल और फर्स्ट लुक आखिरकार सामने आ चुका है और इसे लॉन्च करने के लिए फिल्ममेकर्स ने सुपरस्टार महेश बाबू को चुना गया है. महेश बाबू ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्टर शेयर कर फिल्म की टीम को शुभकामनाएं दीं हैं. इसके बाद से ही वृषकर्मा सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा है. वृषकर्मा का फर्स्ट लुक पोस्टर दर्शकों की उम्मीदों को और बढ़ाने वाला है. पोस्टर में मिट्टी धूल और पुराने माहौल की एक दमदार झलक दिखाई देती है. नागा चैतन्य का मस्कुलर फ्रेम पसीने से भरा चेहरा और उनकी आंखों में दिखती तीव्रता एक हाई इम्पैक्ट सीन को दर्शाती है. वृषकर्मा नें नागा चैतन्य का फटा हुआ रफ आउटफिट और शरीर पर लगा संघर्ष का असर यह दिखाता है कि कहानी एक कठिन और चुनौतीपूर्ण दुनिया में आगे बढ़ती है. पोस्टर के बैकग्राउंड में एक आसमानी ग्रहण दिखाई देता है जो इस फिल्म के रहस्य और पौराणिक टोन को और गहरा करता है. टूटी हुई इमारतें और चारों ओर बिखरे युद्ध के निशान इस दुनिया के पीछे छिपे किसी बड़े संघर्ष की ओर संकेत करते हैं. चैतन्य को इस अवतार में पहले कभी नहीं देखा गया था और यही वजह है कि फर्स्ट लुक पर फैंस की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है. वृषकर्मा नाम ही अपने आप में पौराणिक और रहस्यमय एहसास पैदा करता है. निर्देशक कार्तिक डांडू पहले भी इतिहास और पौराणिक कथाओं पर आधारित कहानियों को नए तरीके से पर्दे पर लाने के लिए जाने जाते हैं.

## प्रेम परिजा की एक्शन थ्रिलर राम राज्य : द कटक सागा का फर्स्ट लुक आउट

'कमांडो–2 स्टार प्रेम परिजा की एक्शन थ्रिलर राम राज्य: द कटक सागा का फर्स्ट लुक आ गया है। यह 2023 की ब्लॉकबस्टर उड़िया फिल्म कटक शेष रू आरंभ का सीक्वल है। इसमें प्रेम परिजा लीड रोल निभाते दिखाई देंगे। राम राज्य : द कटक सागा का टीजर जारी किया गया। टीजर में प्रेम परिजा दुश्मनों पर गोलियां बरसाते दिख रहे हैं। उनके एक हाथ में बुक और एक हाथ में बंदूक दिखाई दे रही है। इस फिल्म को हिंदी और उड़िया दोनों भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फिल्म के डायरेक्टर सुधांशु मोहन साहू हैं। फिल्म को कुमार प्रीतम साहू ने लिखा और प्रोड्यूस किया है। मूवी की रिलीज डेट अभी फाइनल नहीं हुई है। मूवी में प्रेम परिजा के साथ कनिका मान, पूनम मिश्रा, अभिषेक पांडा और रोहित रॉय जैसे सितारे भी हैं। फिल्म के एक्शन सीन फेमस एक्शन डायरेक्टर दहिया ने डायरेक्ट किए हैं। उन्होंने ही 'साहोझ् और 'देवाझ् जैसी फिल्मों के एक्शन सीन को डायरेक्ट किया था। फिल्म के बारे में बात करते हुए प्रेम परिजा ने कहा, राम राज्य एक अनोखी एक्शन थ्रिलर है। इसकी प्रस्तुति और कैमरा वर्क इसे अन्य उड़िया फिल्मों से अलग बनाती है।

# भारत को बेल्जियम के हाथों मिली हार, अभिषेक और शिलानंद के गोल गए बेकार

नईदिल्ली,भारतीय पुरुष हॉकी टीम को पहले मैच में साउथ कोरिया पर कड़ी मेहनत से मिली थी. इसके बाद भारत को सुल्तान अजलान शाह हॉकी कप 2025 के दूसरे मैच में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है. पांच बार की चैंपियन टीम टूर्नामेंट के दूसरे मैच में बेल्जियम से 2–3 से हार गई. बेल्जियम के लिए रोमेन डुवेकॉट ने दो गोल किए. भारत के लिए अभिषेक और शिलानंद लाकड़ा ने गोल किए. सुल्तान अजलान शाह कप का 31वां एडिशन मलेशिया के इपोह में हो रहा है. पहले भारत का मुकाबला कल शाम बेल्जियम से होना था. लेकिन लगातार बारिश के कारण मैच टाल दिया गया. रीशेड्यूल किए गए शेड्यूल के अनुसार, दोनों टीमें मंगलवार सुबह इंडियन स्टैंडर्ड टाइम पर एक–दूसरे से



भिड़ेंगी. बेल्जियम मौजूदा टूर्नामेंट में सबसे ऊंची रैंक वाली टीम है. वे अभी एफआईएच रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं. नतीजतन, हाल ही में एशिया कप जीतने के बावजूद सातवें स्थान पर मौजूद भारत के लिए यह मैच बहुत आसान नहीं था.

बेल्जियम ने शुरू से ही भारतीय डिफेंस पर दबाव बनाना शुरू कर दिया. उन्होंने 10 मिनट बाद दिन का पहला पेनल्टी कॉर्नर जीता. हालांकि भारतीय डिफेंस बच गया, लेकिन दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में भारतीय डिफेंस ने बराबरी तोड़ दी. जब रोमन डुवेकॉट ने 17वें मिनट में पहला गोल किया तो खेल की रफ्तार थोड़ी धीमी हो गई थी. गोल खाने के बाद भारत जल्दी जवाब देने के लिए बेताब था हालांकि, 'मेन इन ब्लू' को जवाब देने के लिए दूसरे हाफ तक इंतजार करना पड़ा. अभिषेक ने 33वें मिनट में शानदार गोल करके बराबरी कर ली. भारत के बराबर करने से बेल्जियम की फिर से बढ़त लेने की इच्छा बढ़ गई. उन्होंने तीसरे क्वार्टर के बिल्कुल आखिरी मिनट में निकोलस डी केर्पेल के गोल से फिर से बढ़त बना ली. जैसे ही बेल्जियम ने आखिरी क्वार्टर की शुरुआत में डुवेकॉट के दूसरे गोल से अंतर और बढ़ाया, भारत की हार लगभग पक्की हो गई. 46वें मिनट में तीसरा गोल खाने के बाद भारत ने बराबरी करने की बहुत कोशिश की.

# होमबाउंड के बाद भारत से महावतार नरसिम्हा भी ऑस्कर पहुंची

ऑस्कर अवॉड्र्स 2026 के लिए भारत से केवल होमबाउंड ही नहीं, बल्कि एक और फिल्म भी चुनी गई है। ऑस्कर की शुरुआती सूची इस बार 3 श्रेणियों में बनाई गई है। एक बेस्ट एनिमेटेड फिल्म, दूसरी बेस्ट डॉक्यूमेंट्री और तीसरी बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म की श्रेणी। बड़ी बात ये है कि बेस्ट एनिमेटेड फिल्मों की सूची में भारत से अश्विन कुमार की बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा चुकी फिल्म महावतार नरसिम्हा को भी शामिल किया गया है। ऑस्कर की लॉन्ग लिस्ट में शामिल महावतार नरसिम्हा बेस्ट एनिमेटेड फिल्म की श्रेणी में दुनियाभर की कई बड़ी फिल्मों से मुकाबला करेगी। कुल 35 फिल्मों को इस श्रेणी में रखा गया है, जिनमें से अकादमी के सदस्य केवल 5



फिल्मों को अंतिम नामांकन के लिए चुनेंगे। के–पॉप डेमन हंटर्स से लेकर डेमन स्लेयरः इन्फिनिटी कैसल, द बैड गाय्स 2, चेनसॉ मैनः रेज आर्क और जूटोपिया 2 समेत 35 लोकप्रिय एनिमेटेड फिल्मों को ऑस्कर की इस सूची में जगह मिली है। किसी फिल्म के हिट होने के लिए जरूरी नहीं कि वो किसी बड़े स्टार के स्टारडम से ही सजी हुई है।

## रविंद्र जडेजा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पूरे किए 50 टेस्ट विकेट, जानिए आंकड़े

नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने 50 टेस्ट विकेट पूरे करके एक और उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन अपना दूसरा विकेट लेकर यह आंकड़ा छूआ। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने अफ्रीकी के दोनों ओपनर्स को अपना शिकार बनाया। पहली पारी में जडेजा ने 2 विकेट अपने नाम किए थे। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी (489/10) के जवाब में केवल 201 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी की शुरुआत भी अच्छी हुई, जिसमें ओपनर रायन रिकेल्टन (35) और एडेन मार्करम (29) ने कुल 59 रन जोड़े। हालांकि, चौथे दिन जडेजा ने जल्दी से 2 विकेट लेकर ओपनर्स को वापस भेज दिया। पहली पारी में भी इस अफ्रीकी ओपनिंग जोड़ी ने 50 से अधिक रनों की साझेदारी की थी।

# 15 फरवरी को होगा भारत–पाकिस्तान मैच, हो गया एलान

नई दिल्ली। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में अगले साल टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन किया जाना है। इस वर्ल्ड कप में टीम इंडिया बतौर मेजबान उतरेगी और अपना खिताब बचाने की कोशिश करेगी। हालांकि, ये उसके लिए आसान नहीं होने वाला है। इस वर्ल्ड कप के शेड्यूल का आज आधिकारिक तौर पर एलान किया जाना है जिस पर सभी की नजरें होंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत और पाकिस्तान का मैच इस वर्ल्ड कप में तय है जो 15 फरवरी को कोलंबो में होगा। पाकिस्तान अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगा ये तय है। अगर वो फाइनल में भी पहुंचता है तो संभावना पूरी है कि फाइनल भी श्रीलंका में खेला जाएगा।



ठीक उसी तरह जिस तरह चैंपियंस ट्रॉफी–2025 में हुआ था जहां पाकिस्तान मेजबान था लेकिन भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले थे जिसमें फाइनल भी शामिल है। टूर्नामेंट की शुरुआत सात फरवरी से होगी और पहले ही दिन तीन मैच होंगे। पाकिस्तान और नीदरलैंड्स की टीमें कोलंबो में टकराएंगी। दूसरा मैच वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच होगा। तीसरा मैच भारत और अमेरिका के बीच होगा।

इस प्रकार हैं सभी ग्रुप

ग्रुप–ए : भारत, पाकिस्तान, नामीबिया, नीदरलैंड्स और यूएसए

ग्रुप–बीः ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, आयरलैंड, जिम्बाब्वे, ओमान

ग्रुप– सीः इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, नेपाल, इटली

ग्रुप–सीः न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, अफगानिस्तान, कनाडा, यूएई

## संक्षिप्त समाचार

### कई प्रधान और वार्ड सदस्यों ने शपथ ली

चमोली : मंगलवार को कई प्रधानों एवं वार्ड सदस्याओं ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। यह शपथ प्रखंड़ के सभी छह गैरसैंण, आदिबदरी, देवलकोट, मेहलचौरी, कुशरानी एवं रोहिड़ा न्याय पंचायतों में आयोजित हुयी। बीडीओ पवन कंडारी ने बताया कि ब्लॉक में मंगलवार को 29 प्रधानों ने शपथ ली जबकि 66 प्रधान पहले ही चक्र में कोरम पूरा होने पर शपथ ले चुके थे। अब सभी 95 प्रधान विकास खंड़ में शपथ ले चुके है हालांकि अभी भी प्रखंड़ के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 21 वार्ड सदस्य के पद अभी भी रिक्त हैं। पोखरी विकासखंड में किमोठा न्याय पंचायत, पोखरी न्याय पंचायत, थाला बैंड़, बमोथ और गिरसा न्याय पंचायतों में 57 ग्राम प्रधानों और 333 वार्ड सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान खंड विकास अधिकारी शिवसिंह भंडारी ने कहा सभी ग्राम प्रधान और वार्ड सदस्य मिलकर गांव के विकास के लिए मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा बुधवार को 57 ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों की प्रथम बैठक आयोजित की जाएगी। (एजेंसी)

कई प्रधान और वार्ड सदस्यों ने शपथ ली

चमोली : मंगलवार को कई प्रधानों एवं वार्ड सदस्याओं ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। यह शपथ प्रखंड़ के सभी छह गैरसैंण, आदिबदरी, देवलकोट, मेहलचौरी, कुशरानी एवं रोहिड़ा न्याय पंचायतों में आयोजित हुयी। बीडीओ पवन कंडारी ने बताया कि ब्लॉक में मंगलवार को 29 प्रधानों ने शपथ ली जबकि 66 प्रधान पहले ही चक्र में कोरम पूरा होने पर शपथ ले चुके थे। अब सभी 95 प्रधान विकास खंड़ में शपथ ले चुके है हालांकि अभी भी प्रखंड़ के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 21 वार्ड सदस्य के पद अभी भी रिक्त हैं। पोखरी विकासखंड में किमोठा न्याय पंचायत, पोखरी न्याय पंचायत, थाला बैंड़, बमोथ और गिरसा न्याय पंचायतों में 57 ग्राम प्रधानों और 333 वार्ड सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान खंड विकास अधिकारी शिवसिंह भंडारी ने कहा सभी ग्राम प्रधान और वार्ड सदस्य मिलकर गांव के विकास के लिए मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा बुधवार को 57 ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों की प्रथम बैठक आयोजित की जाएगी। (एजेंसी)

### मेरे प्रभु बदरी विशाल पुस्तक का हुआ विमोचन

चमोली : बदरीनाथ धाम में बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, उपाध्यक्ष ऋषि सती व विजय कपरवाण, मुख्य कार्य अधिकारी विजय थपलियाल, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल ने युवा कथावाचक, लेखिका और कवयित्री किरन पुरोहित हिमपुत्री की ओर से संपादित पुस्तक मेरे प्रभु बदरी विशाल का विमोचन किया। किरन पुरोहित ने बताया कि इस पुस्तक में भारत के 51 कवियों की भगवान बद्रीविशाल को समर्पित भक्तिमय स्तुति और पुराणों में वर्णित भगवान के महात्म्य का वर्णन है। इस अवसर पर पूर्व धर्माधिकारी भुवन उनियाल, मंदिर समिति के पदाधिकारी, डिमरी पंचायत के सदस्य और साहित्यकार उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने पुस्तक की सराहना की और संपादक किरन पुरोहित के उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। (एजेंसी)

### रिसेप्शन पार्टी में पुरानी रंजिश के चलते हमला

देहरादून। कांवली गांव निकट कमलेश्वर मंदिर में रविवार देर रात बेटे की शादी की रिसेप्शन पार्टी के दौरान पुरानी रंजिश के चलते करीब 60 लोगों के समूह ने सरिया, डंडे और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में दूल्हे के पिता सुरेश पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। शिकायत पर बसंत विहार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एसओ बसंत विहार अशोक राठौर ने बताया कि सुरेश पाल ने दी तहरीर में बताया कि उनके बेटे रजत पाल का विवाह 22 नवंबर को हुआ था। 23 नवंबर को पाल मोहल्ला कॉलोनी में रिसेप्शन पार्टी का आयोजन किया गया था। रात करीब 10:50 बजे गांव के ही भग्गन पाल अपने बेटों सन्नी पाल, रवि पाल, रोहिन पाल, अंकुर पाल समेत करीब 60 अज्ञात युवकों के साथ लाठी–डंडों से लैस होकर पार्टी स्थल पर पहुंचे और आतंक मचाते हुए जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। सुरेश पाल और उनके चचेरे भाई पर सबसे पहले हमला हुआ। दोनों जान बचाकर भागे। सन्नी पाल ने सुरेश पाल के सिर पर सरिये से वार कर दिया। घायल सुरेश पाल को परिजनों ने तुरंत कोरोनेशन अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उनके सिर पर टांके लगाए।

# मुख्यमंत्री ने किया ''बिल लाओ-इनाम पाओ'' योजना के विजेताओं को पुरस्कृत




**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में ''बिल लाओ-इनाम पाओ'' योजना के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। एक सितंबर 2022 से 31 मार्च 2024 के बीच संचालित इस योजना के तहत कुल 1888 उपभोक्ताओं ने पुरस्कार जीते हैं। मुख्यमंत्री ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि योजना में प्रतिभाग करने वाले सभी लोगों ने राज्य के राजस्व संग्रहण को एक नई चेतना, एक नया दृष्टिकोण और एक नई ऊर्जा प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 में शुरु ह्वबिल लाओ-इनाम पाओह्व योजना राज्य सरकार का एक नवाचार था, जिसके द्वारा सरकार ने जनभागीदारी को राजस्व संग्रहण से जोड़ने का प्रयास किया। आज तीन वर्षों में ह्वबिल लाओ-इनाम पाओह्व योजना ने लोगों के बीच जागरुकता पैदा करने में कामयाबी हासिल की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना से जनता में ये समझ बनी है कि प्रदेश के विकास में प्रत्येक बिल एक योगदान है। योजना आज जहां एक ओर उपभोक्ता जागरूकता का सशक्त माध्यम बनी है, वहीं उपभोक्ता एवं व्यापारी वर्ग के बीच साझा जिम्मेदारी का प्रतीक भी बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने राज्य में ''राजकोषीय अनुशासन'' को मजबूती से स्थापित किया है। इसी का परिणाम है कि राज्य ''राजकोषीय घाटे को निर्धारित सीमा के भीतर रखने में सफल'' रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब जनता सरकार पर भरोसा करती है और सरकार भी जनता के साथ पारदर्शी तरीके से व्यवहार करती है तो विकास की गति अपने आप कई गुना बढ़ जाती है। यही कारण है कि राज्य सरकार ने वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में नवाचारों के अधिकतम प्रयोग पर बल दिया है। मुख्यमंत्री ने सभी से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग प्रत्येक खरीददारी पर बिल मांगकर लेनदेन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और राज्य के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने में सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर विधायक सरिता कपूर, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, आयुक्त कर सोनिका, अपर आयुक्त अनिल सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।

**90 हजार उपभोक्ताओं ने किया प्रतिभाग**

प्रमुख सचिव आरके सुधांशु ने कहा कि योजना के तहत 90 हजार उपभोक्ताओं ने 270 करोड़ रुपए मूल्य के 6.5 लाख बिलों के साथ प्रतिभाग किया। आयुक्त कर सोनिका ने बताया कि योजना के तहत कुल 1888 लोगों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा 17 माह तक 1500 प्रति माह मासिक पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

**पुरस्कारों का विवरण**

02 ईवी कार, 16 मारुति ऑल्टो के-10 कार, 20 ईवी स्कूटर, 50 बाइक, 100 लैपटॉप, 200 स्मार्ट टीवी, 500 टैबलेट, 1000 माइकोवेब

# देवेंद्र रावत बनें प्रधान संगठन के अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**



सतपुली : विकासखंड जयहीखाल के सभागार में ग्राम प्रधान संगठन के चुनाव सम्पन्न हुए। ग्राम प्रधान रैणा देवेंद्र सिंह रावत को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।

मंगलवार को ग्राम प्रधान संगठन के चुनाव हुए। ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष पद के लिए ग्राम प्रधान रैणा देवेंद्र सिंह रावत को मनोनीत किया गया। जिस पर 26 प्रधानों ने सहमति जताई। इस अवसर पर देवेंद्र रावत ने कहा मैं सदैव संगठन की मजबूती के लिए कार्य करूंगा और सभी प्रधानों के हित के लिए संघर्ष करता रहूंगा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख जयहरीखाल रणवीर सिंह सजवाण ने देवेंद्र रावत को बधाई देते हुए कहा कि वह तीसरी बार प्रधान बनें है। वह कर्तव्य निष्ठा और अनुशासन वाले व्यक्ति है। वह सभी के हितों को ध्यान में रखकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर सुनील खंतवाल, सपना देवी, प्रीति नेगी, हर्षवर्धन, जितेंद्र, पूजा देवी, हेमलता, जितेंद्र, नीलम देवी, ममता रावत, रणवीर सिंह, संजू देवी, सुमन देवी, अनीता बिष्ट, गजेंद्र सिंह, यशवंत सिंह, अजय कुमार आदि मौजूद थे।

# ग्राम प्रधानों व वार्ड सदस्यों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ



**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण :** थलीसैंण ब्लॉक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के वार्ड सदस्यों का कोरम पूरा होने के बाद ग्राम प्रधानों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

मंगलवार को विकासखंड थलीसैंण के सभागार में प्रमुख श्रीमती सुनीता रावत ने निर्वाचित ग्राम प्रधानों एवं सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। 103 ग्राम पंचायतों में से 65 ग्राम प्रधान वार्ड सदस्यों का कोरम पूरा नहीं होने से शपथ नहीं ले पाए थे। गत दिनों चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। अधिकतर ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए है। प्रमुख श्रीमती सुनीता रावत ने कहा कि ब्लॉक में समस्त 103 ग्राम पंचायत संगठित हो गई है। अब वह अपने ग्राम पंचायत के विकास कार्य कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ग्राम पंचायतों में विकास कार्य किये जायेगें। इस अवसर पर कनिष्ठ प्रमुख राजशेखर, खंड विकास अधिकारी टीकाराम कोटियाल, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) रवि शंकर नेगी सहित 65 ग्राम पंचायत प्रधान एवं ग्राम पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

# श्री गुरुतेग बहादुर साहिब जी ने दिया प्रेम, एकता, भाईचारे का संदेश

### मुख्यमंत्री धामी ने रेसकोर्स गुरुद्वारा में सुने शबद कीर्तन

**जयन्त प्रतिनिधि।**



देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को श्री गुरु तेगबादुर साहिब जी के 350वें बलिदान दिवस पर रेसकोर्स स्थित गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने श्री गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेकने के साथ ही शबद कीर्तन भी सुना।

इस मौके पर पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने संगतों के बीच लंगर सेवा भी दी। मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि धर्म, मानवीय मूल्यों एवं सिद्धांतों की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वालों में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का स्थान अद्वितीय है। कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी ने लोगों को प्रेम, एकता, भाईचारे का संदेश दिया। उनके बलिदान से हमें आपसी एकता एवं सदभाव की प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री हेमकुंड साहिब जाने के लिए गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे बनाया जा रहा है, जिससे सिख तीर्थयात्रियों की यात्रा सुगम हो जाएगी। इसी के साथ अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के समस्त लाभ सिख समाज तक भी पहुंचाए जा रहे हैं। इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष बलवीर सिंह साहनी, सचिव राजिंदर पाल सिंह चंडोक, भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल मौजूद रहे।

# अग्निवीर एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विवि से हासिल करेंगे डिग्री

### गढ़वाल विवि और गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंटल सेंटर लैंसडाउन के बीच हुआ एमओयू

**जयन्त प्रतिनिधि।**



श्रीनगर : गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंटल सेंटर लैंसडाउन के अग्निवीर अब हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय से डिग्री हासिल करेंगे। मंगलवार को गढ़वाल विश्वविद्यालय और गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंटल सेंटर लैंसडाउन (जीआरआरसी) के बीच एमओयू साइन हुआ है।गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश, कुलसचिव प्रो. राकेश कुमार ढोड़ी और जीआरआरसी लैंसडाउन के कामाडेंट विनोद सिंह नेगी ने समझौते पर हस्ताक्षर किए है। गढ़वाल विवि के विभिन्न विभागों की फैकल्टी ने आठ माह की अवधि में अग्निवीरों के लिए डिप्लोमा सर्टिफिकेट कोर्स तैयार किया गया है। यह एक तरह का कौशल विकास (स्किल बेस्ड) कोर्स है। यह पहली बार है जब गढ़वाल विश्वविद्यालय द्वारा सैन्य कल्याण के लिए इस प्रकार का शैक्षणिक कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जीआरआरसी के कामाडेंट ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने कहा कि अग्निवीरों के लिए आज एक महत्वपूर्ण दिन है। कहा कि अग्निवीरों कि जो मल्टी डोमेन ट्रेनिंग को एक नया आयाम मिला है। साथ ही स्कोलर वैरियर बनने की दिशा में गढ़वाल विवि ने एक बहुत बड़ा कदम उठाया है, जो कि अग्निवीरों के लिए आगे चलकर मील का पत्थर साबित होगा। कहा कि यह अनुबंध न केवल अग्निवीरों का हौसला बढ़ायेगा, बल्कि उनकों जीवन में राष्ट्रीय सेवा में और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में और बल देगा एवं उनका भविष्य स्वर्णिम करेगा। उन्होंने गढ़वाल विवि में अध्ययनरत छात्रों से भी देश सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि आज गढ़वाल विवि के लिए गर्व का विषय है, जो मां भारती के रक्षकों के साथ कार्य करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में गढ़वाल विवि द्वारा सकारात्मक प्रयास किया जायेगा। जिससे गढ़वाल विवि का नाम और पहचान दुनिया में जाना जाएं। उन्होंने छात्रों से भी गढ़वाल विवि का नाम रोशन करने के लिए नई-नई उपलब्धियां हासिल करने को कहा। इसके बाद राष्ट्रपति पुरूस्कार से सम्मानित गढ़वाल राइफल के बैंड ने ओ देश मेरे सहित विभिन्न धुनों पर बैंड की प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध किया।

### पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ पांडव नृत्य

रुद्रप्रयाग : नगर पालिका रुद्रप्रयाग के सुमेरपुर क्षेत्र में पूजा अर्चना के साथ पांडव नृत्य शुरू हो गया है। इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। सुमेरपुर में मंगलवार को दीप प्रज्वलन के साथ पूजा अर्चना के साथ पांडव नृत्य शुरू हो गया है। पांडव नृत्य में अस्त्र-शस्त्रों की पूजा अर्चना एवं पांडवों की पूजा अर्चना की जाएगी। पांडव नृत्य में 1 दिसम्बर को कल्या ल्वार कौथीग, 2 दिसम्बर को बाणों का दिन, 10 दिसम्बर को गैंडा कौथिग, 11 दिसम्बर को पांडवों का गंगा स्नान, 13 दिसम्बर को सिरोता एवं हाथी कौथिग एवं 14 दिसम्बर को मोरी डाली कौथीग के साथ पांडव नृत्य का समापन किया जाएगा। समिति के सदस्य बलवंत सिंह बिष्ट ने बताया कि सुमेरपुर में बीते सालों की भांति इस वर्ष भी पांडव का आयोजन शुरू हो गया है।

# नील हरित शैवाल की कृषि के बारे में दी जानकारी

चमोली : चमोली जिले के काश्तकारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जड़ी बूटी शोध एवं विकास संस्थान मंडल में सीडीओ डा. अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान के वैज्ञानिक डॉ. ओएम तिवारी एवं जड़ी बूटी संस्थान के वैज्ञानिक एके भंडारी ने नील-हरित शैवाल की कृषि के बारे में जानकारी दी। वैज्ञानिक ओएम तिवारी ने नील-हरित शैवाल की कृषि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नील हरित शैवाल स्पिरुलिना एक मात्र शैवाल है, जिसको मानव आहार के रूप में प्रयोग कर सकता है। इसकी विश्व में कुल नौ प्रजातियां पाई जाती हैं। कहा कि पूर्व में यह अवधारणा थी कि स्पिरुलीना शैवाल केवल समुद्र में पाया जाता है, लेकिन लोकटक झील मणिपुर का शोध करने पर पता चला कि यह शैवाल ताजे पानी में भी पायी जाती है, जिस कारण इसकी खेती करने की संभावनाएं उत्पन्न हुई हैं। उन्होंने बताया कि नील-हरित शैवाल की कृषि से किसानों की आय भी होगी। स्पिरुलीना शैवाल को विश्व स्वास्थ्य संस्थान ने वर्ष 1971 में सुपर फूड का दर्जा भी प्राप्त है एवं इसकी एक कैप्सूल में दो लीटर दूध से अधिक ऊर्जा मिलती है। वहीं, डा. अभिषेक तिवारी ने बताया कि मनरेगा के तहत विभिन्न औषधीय पौधों की कृषि के लिए किसानों को मुफ्त पौध उपलब्ध करवायी जा रही है जिसमें किसान कुटकी, अतीस, कूठ आदि की खेती कर सकते हैं। इस दौरान परियोजना निदेशक आनंद सिंह एवं संस्थान के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

# मनोज वैष्णव बनें प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष



रुद्रप्रयाग : अगस्त्यमुनि ब्लॉक सभागार में ब्लॉक के सभी ग्राम प्रधानों ने सर्वसम्मति से ब्लॉक कार्यकारिणी का चुनाव किया, जिससे मनोज बैष्णव को प्रधान संगठन का ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया है। जबकि अन्य सदस्यों को भी जिम्मेदारी दी गई। अगस्त्यमुनि ब्लॉक सभागार में कोदिमा के प्रधान हनुमंत बिष्ट की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्राम प्रधानों ने कई प्रस्तावों पर चर्चा की। इस दौरान ग्राम प्रधानों ने शपथ लेने के बाद प्रधान संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया। प्रधान संगठन में सर्वसम्मति से मनोज वैष्णव को अध्यक्ष, उषा देवी उपाध्यक्ष, सुमन देवी सचिव, आलोक सिंह सह सचिव, देवेंद्र प्रसाद कोषाध्यक्ष चुने गए। जबकि सदस्यों में हिया देवी, अंजू नौटियाल, रितु देवी, बासुदेव, ऋषभ, दलीप सिंह आदि शामिल किए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद थे। (एजेंसी)

### प्लॉट पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद, मारपीट

देहरादून। बंजारावाला स्वास्तिक प्लाजा के पास स्थित खाली प्लाट से कार हटाने को कहा तो मारपीट की गई। इंस्पेक्टर पटेलनगर सीबीएस अधिकारी ने बताया कि स्थानीय निवासी राम चंद्र राठौर ने शिकायत की। बताया कि बीते रविवार सुबह करीब 11 बजे वह अपने प्लाट की साफ सफाई के लिए गए थे। उन्होंने पड़ोसी सिद्धार्थ सिंह और उसके टैक्सी चालक भाई को प्लॉट में खड़ी उनकी गाड़ियां हटाने को कहा। इस पर दोनों भाइयों ने उनके साथ गाली–गलौज, बदतमीजी, मारपीट की। आरोप है कि लोहे के बेलचे से राम चंद्र के चेहरे पर वार किया गया। सूचना मिलने पर राम चंद्र के बेटे ऋषभ और बेटी प्रियंका भी मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की।

# जिपं बजीरा की निर्वाचित सदस्य ने ली शपथ



रुद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग जिला पंचायत बजीरा की सीट पर निर्वाचित सदस्य नीता देवी ने मंगलवार को पद और गोपनीयता की शपथ ले ली है। जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत ने उन्हें शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद उन्होंने अध्यक्ष से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट जो कि जिला पंचायत सदस्य भी है, उन्होंने भी निर्वाचित सदस्य को बधाई दी। बता दें कि जिला पंचायत बजीरा की सीट पर पूर्व में सदस्य निर्वाचित हुई महिला के आकस्मिक निधन के बाद यह सीट रिक्त हो गई थी। (एजेंसी)

# कोषागार में पेंशन जागरूकता एवं नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का डीएम बंसल ने किया उद्घाटन

### –सौ वर्षीय प्रेमवती डोभाल, राज्य आंदोलनकारियों को किया सम्मानित

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल ने राज्य स्थापना की रजत जयंती पर 25 नवंबर,2025 को मुख्य कोषागार देहरादून में पेंशन जागरूकता एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए राज्य आंदोलनकारी पेंशनरों को सम्मानित किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने मुख्य कोषागार में पेंशनरों की सुविधा के लिए जिला प्लान से 25 लाख लागत में नवनिर्मित ''आरोहण'' सभागार का लोकार्पण भी किया और मुख्य कोषागार कार्यालय को 10 नए कम्प्यूटर देने की स्वीकृति भी प्रदान की। शिविर में जिलाधिकारी ने राज्य आंदोलनकारी बजुर्ग पेंशनर श्रीमती गायत्री ढ़ौडियाल, श्रीमती कौशल्या रावत, श्रीमती सरोज सिंह बहुगुणा, श्री राजेश्वर सहित अपने जीवन के 100 वर्ष पूर्ण कर चुकी बजुर्ग पेंशनर श्रीमती प्रेमवती डोभाल को पुष्प गुच्छ, शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही श्रीमती गायत्री ढ़ौडियाल को मौके पर ही पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) के लिए आधिकारिक तौर पर मंजूरी दी गई।



जिलाधिकारी ने पेंशनरों को संबोधित करते हुए कहा कि कोषागार में जो भी बुजुर्ग पेंशनर आते है, उनको सम्मान के साथ उनका अधिकार मिलना चाहिए। इसके लिए कोषागार को पेंशनरों के लिए सरल एवं सुविधाजनक बनाया गया है। उन्होंने बुजुर्ग पेंशनरों को रिटायर्ड जीवन में सुखी और स्वस्थ्य रहने की कामना करते हुए सामाजिक मेल मिलाप बनाए रखने, पढ़ने की आदतों को जीवित रखते हुए अपने अनुभवों से समाज सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान बनाए रखने की अपील की। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने पेंशनर जागरूकता शिविर को उपयोगी बताते हुए उप कोषागार के माध्यम से जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में भी जागरूकता शिविर लगाने की बात कही। ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में रह रहे पेंशनरों तक भी आसानी से जानकारी पहुंच सके। मुख्य कोषाधिकारी नीतू भण्डारी ने बताया कि जिलाधिकारी सविन बंसल ने देहरादून जिले का कार्यभार लेते समय कोषागार का निरीक्षण किया था। तभी उन्होंने कोषागार को पेंशनरों के लिए सरल, स्वच्छ और सुविधाजनक बनाने के निर्देश के साथ बजट की स्वीकृत प्रदान की थी। जिलाधिकारी की प्रेरणा से आज मुख्य कोषागार कार्यालय में फेसिलिटेशन हॉल, दिव्यांगजन व महिलाओं के लिए शौचालय, पार्किंग शेड और ''आरोहण'' सभागार का निर्माण कराया गया है। जिससे पेंशनरों को उचित सुविधा मिल पा रही है। सीटीओ ने इसके लिए कोषागार परिवार एवं पेंशनरों की तरफ से जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी का आभार व्यक्त किया।

शिविर में पेंशनरों के निःशुल्क चिकित्सा जांच के साथ डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट, साइबर सुरक्षा, आयकर अधिनियम एवं चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी विषयों पर जानकारी दी गई।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com